पत्रांकः– 14/ए0एफ0–06/2019...

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अरशद फिरोज,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
बी0आर0ए0 बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।

पटना, दिनांक......../......./2020

विषयः– राम विलास सिंह राम दयाल राय कॉलेज, सरायपुर, राघोपुर, वैशाली, को स्नातक कला एवं वाणिज्य संकायो में प्रतिष्ठा स्तरों में सत्र 2020–2023 एवं 2021–2024 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आपके विश्वविद्यालय के पत्रांक–B/723 दिनांक 27.05.2020, B/923 दिनांक 02.07.2020 तथा पत्रांक– B/1021 दिनांक–13.08.2020 के प्रसंग में निदेशानुसार कहना है कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1976 की धारा–21 (2) (d) के अधीन एवं राज्यपाल सचिवालय से निर्गत परिनियम संख्या–1098 दिनांक 19.04.1986, पत्रांक 3196 दिनांक–14.12.2017 एवं पत्रांक–3074 दिनांक–25.10.2019 के अन्तर्गत राज्य सरकार ने राम विलास सिंह राम दयाल राय कॉलेज, सरायपुर, राघोपुर, वैशाली, को स्नातक कला एवं वाणिज्य संकायो में पास एवं प्रतिष्ठा स्तरों के प्रस्तावित विषयों में सत्र 2020–2023 एवं 2021–2024 के लिए अस्थायी संबंधन प्रदान करने के संबंध मे सहमति प्रदान की है।

क्र0 सं0.	संकाय	विषय
01	कला संकायः (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर में)	हिन्दी, अंग्रेजी, ऊर्दू, संस्कृत, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, गृह विज्ञान, संगीत, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल प्राचीन भारतीय इतिहास एवं संस्कृति, तथा दर्शनशास्त्र (कुल 14 विषयों में)
03	वाणिज्य संकाय (पास एवं प्रतिष्ठा स्तर में)	एकाउन्टेन्सी, बिजनेस फाइनान्स, बिजनेस इन्वॉरमेन्ट तथा कॉरपोरेट एडमिनिस्ट्रेशन (कुल 04 विषयों में)

यह आदेश विद्वान महाधिवक्ता द्वारा दिए गए परामर्श के आलोक में निर्गत किया जा रहा है। साथ ही एल0पी0ए0 संख्या–1404/2018 में विभाग द्वारा माननीय न्यायालय में दायर M.J.C के फलाफल से उक्त आदेश प्रभावित होगा।

सक्षम प्राधिकार का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजनह

ह0/–

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक– 14/ ए0एफ0–06/2019...–944 पटना, दिनांक 10/09/2020

प्रतिलिपिः– माननीय शिक्षा मंत्री के आप्त सचिव/प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग के आप्त सचिव/विशेष सचिव, शिक्षा विभाग के निजी सहायक/उप सचिव, शिक्षा विभाग/निदेशक, उच्च शिक्षा/सचिव, राम विलास सिंह राम दयाल राय कॉलेज, सरायपुर, राघोपुर, वैशाली एवं आई0टी0 मैनेजर, शिक्षा विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

10/9/2020

(अरशद फिरोज)
सरकार के उप सचिव

Sec_14#2020